तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025



सुशासन और पारदर्शिता के प्रतीक थे अटल जी 14





अटल जी का जीवन राष्ट्र सेवा और सुशासन... 12







## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय वीर बाल दिवस आज

**बालोद।** जिला पंचायत में 26 दिसंबर को जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दसवें सिक्ख गुरु गुरु गोविन्द सिंहजी के वीर पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ ही वीर बाल दिवस 2025 का राष्ट्रीय स्तर का मुख्य कार्यक्रम 26 दिसंबर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बच्चों और युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और योगदान को रेखांकित करेंगे।

### ग्राम खपरी में मड़ई मेला कल

**लाटाबोड़।** ग्राम खपरी (लाटाबोड़) में 26 दिसंबर को मड़ाई मंडई का आयोजन रखा गया है। सरपंच टकेश्वर कुंजाम ने बताया की ग्रामीणों की मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी लातमर्रा डोंगरगढ़ वाले अपना प्रस्तुति देंगे।

### भोइनापार में मड़ई कल

**लाटाबोड़।** ग्राम भोइनापार (लाटाबोड़) में 27 दिसम्बर शनिवार क़ो ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामीण देवनारायण साहू ने बताया की ग्रामीणों की लोगों की मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन शिवभोला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम करमतरा (जालबांधा) जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई की कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

### यूपीएससी की तैयारी के लिए प्राक्चयन परीक्षा 28 को

**बालोद।** राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की नई दिल्ली में तैयारी के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 28 दिसंबर को को दोपहर 12 बजे से 02 तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रोल नंबर 20250001 से 20250386 तक केवल बालिका अभ्यथऍ हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय तिलक नगर गुढ़ियारी रायपुर में तथा रोल नंबर 30250001 से 30250701 तक केवल बालक अभ्यार्थी हेतु प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर में निर्धारित की गई है। इसके साथ ही उक्त प्राक्चयन परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों को अभिलेखों के अभाव से परीक्षा में बैठने हेतु अपात्र किया गया है, उन्हें प्रावधिक रूप से उक्त प्राक्चयन परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है। इसके साथ ही परीक्षा के उपरांत पुनः अभिलेख अपूर्ण पाए जाने पर अभ्यर्थिता निरस्त की दी जाएगी। अभ्यार्थी वेबसाईट से परीक्षा केन्द्र, रोल नंबर की जानकारी के साथ प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकता है।

# अरकार केंद्र में बगैर भूसा झिल्ली पर किया गया धान भंडारण

## समिति प्रबंधक ने गलती स्वीकारी और इसे उच्च अधिकारियों का आदेश बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवा सहकारी समिति अरकार में प्रबंधन को धान का भूसा नहीं मिला, शासन का धान असुरक्षित तरीके से भण्डारण कर दिया है, जिससे भण्डारित धान के नुकसान का खतरा बढ़ गया है। मामले में समिति प्रबंधक ने अपनी गलती को सही ठहराने के लिए इसे उच्च अधिकारियों का आदेश बता दिया।

अरकार सेवा सहकारी समिति में अब तक 25 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। यहां खरीदे गए धान को स्टेक लगाने के दौरान निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं किया जा रहा है। धान को स्टेक लगाने के पहले भूसे से भरी बोरियों का बेड बनाना होता है एवं ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित करना होता है, जिससे अचानक बारिश होने पर धान खराब ना हो, लेकिन अरकार समिति में ड्रेनेज सिस्टम तो कही दिख नहीं रही। बड़ा सवाल यह है कि समिति को भूसा कैसे नहीं मिला, अन्य समितियों को, ईंट भट्टा संचालकों को भूसा मिला रहा है पर अरकार समिति को भूसा नहीं मिलने की बात कहना समिति प्रबंधन पर कई सवाल खड़ा कर रहा है। समिति द्वारा भूसा नहीं मिलने की बात कहकर धान का स्टेक जमीन में झिल्ली बिछाकर ही लगाया जा रहा है, झिल्ली बिछाकर स्टेक लगाने से धान के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। चूहा, दीमक व रूसी से धान के जल्दी प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।



### दी जानकारी

समिति प्रबंधक खेमूराम साहू ने कहा मुझे भूसा नहीं मिला। जिसकी जानकारी पंजीयक राठिया जी को दिया तो उन्होने कहा झिल्ली बिछाकर धान का स्टेक लगा दो।

## राइस मिलों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने पहुंचे एसडीएम और तहसीलदार

# बिदामी फूड राइस मिल में 4 लाट चावल के नहीं मिले दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा थोक एवं फुटकर व्यापारियों के दुकानों एवं गोदामों के अलावा राईस मिलों की भी नियमित रूप से जांच की जा रही है। इसके अंतर्गत एसडीएम गुरूर आरके सोनकर एवं तहसीलदार हनुमंत श्याम द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा गुरूर विकासखण्ड के राईस मिलों का निरीक्षण कर राईस मिलों में धान की उपलब्धता एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर आरके सोनकर ने बताया कि उनके द्वारा बिदामी फूड राईस मिल पलारी के निरीक्षण के दौरान राईसमिल में लगभग 20950 कट्टा धान एवं 1740 क्विंटल चावल पाया गया। उन्होंने बताया कि राईस मिल संचालक द्वारा 4 लाट चावल भारतीय खाद्य निगम में भेजे जाने की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम में भेजे गए 4 लाट चावल का दस्तावेज उलपब्ध नहीं है। इसी तरह तहसीलदार गुरूर हनुमंत श्याम द्वारा बोरतरा स्थित राईस मिल का निरीक्षण कर राईस मिल में उलपब्ध धान की मात्र एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का जरूरी सत्यापन किया। भगवती राईस मिल के निरीक्षण के दौरान कि राईस मिल के संचालक बलराम अग्रवाल ने बताया कि राईसमिल द्वारा शासकीय धान का मीलिंग पूर्ण रूप से किया जा चुका है। अधिकारियों ने भौतिक सत्यापन स्टॉक पंजी का मिलान कर इसका भौतिक सत्यापन भी किया।



तहसीलदार श्याम ने बताया कि अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन मंडी पोर्टल की जांच करने पर राईसमिल संचालक द्वारा 3900.53 क्विंटल निजी धान नीलामी में खरीदी करने की जानकारी प्राप्त हुई। अधिकारियों द्वारा उक्त धान का भौतिक सत्यापन भी किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ऑनलाइन पोर्टल से राइसमिल में रखे गए शासकीय धान का मिलान भी किया। जांच के दौरान नायब तहसीलदार रमेश मण्डावी एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# अरजपुरी में सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी, जेवर और नगदी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मंगचुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरजपुरी में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गंभीर वारदात सामने आई है। थाना मंगचुवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी तप्सी राम भाण्डेकर, पिता सुकलू राम भाण्डेकर के निवास में दिनांक 22 व 23 दिसंबर की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी को अंजाम दिया।



चोरों ने घर में रखी आलमारी को तोड़कर उसमें रखे लगभग 1 तोला सोना, 15 तोला चांदी के जेवरात एवं नगद 21 हजार रुपये चोरी कर लिए। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर के सभी सदस्य बाहर कहीं घूमने गए हुए थे, इसी का फायदा उठाकर चोरों ने बड़ी ही सफाई से वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। जब परिजन घर लौटे तो कमरे में सामान बिखरा हुआ मिला, जिसके बाद चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना तत्काल मंगचुवा थाना पुलिस को दी गई। पीड़ित द्वारा थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305, 331 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की और संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। मंगचुवा थाना प्रभारी प्रदीप कंवर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के सुशासन से सुगम हुई धान खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ धान बिक्री करने पहुंचे किसानों ने शासन की व्यवस्थाओं पर जताई खुशी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में किसान हितैषी नीतियों और सुव्यवस्थित धान खरीदी व्यवस्था का सकारात्मक प्रभाव धरातल पर दिखने लगा है। बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सनौद के युवा किसान भोलाराम निषाद ने धान खरीदी केंद्र सनौद में अपनी उपज विक्रय कर शासन की व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। धान बेचने पहुंचे भोलाराम निषाद ने बताया कि इस वर्ष खरीदी केंद्रों पर किसानों की सहूलियत का विशेष ध्यान रखा गया है।

उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के लिए स्वच्छ पीने के पानी का पर्याप्त इंतजाम है। पर्याप्त मात्र में बारदानों की उपलब्धता से कार्य में कोई रुकावट नहीं आ रही है। धान खरीदी केंद्र के अधिकारी और कर्मचारी किसानों के साथ संवेदनशीलता से कार्य कर रहे हैं और हर कदम पर सहयोग कर रहे हैं। युवा किसान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कृषक उन्नति योजना और किसान सम्मान निधि के बेहतर क्रियान्वयन से प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार आया है। इन योजनाओं से मिलने वाली राशि का उपयोग किसान अपनी खेती को उन्नत बनाने और परिवार की खुशहाली के लिए कर रहे हैं। इससे हम किसानों की उन्नति हुई है। शासन की योजनाओं से मिली आर्थिक मजबूती ने हमें खेती को और बेहतर बनाने का हौसला दिया है। किसान भोलाराम ने कहा कि सरकार की इन दूरगामी नीतियों के कारण आज का युवा किसान खेती को एक लाभप्रद व्यवसाय के रूप में देख रहा है।

### महार समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुईं विधायक संगीता

**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा छत्तीसगढ़ महार, महरा झरिया समाज परीक्षेत्र अरमरीकला द्वारा ग्राम बोड़रा में आयोजित विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अथिति के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि महार समाज प्रगतिशील समाज है, जो शिक्षा, सांस्कृतिक, राजनीतिक क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है, समाज को हमेशा नशामुक्त होकर समाज की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए। युवक युवती परिचय सम्मेलन भी समाज हित के लिए अच्छा विकल्प है, जो एक ही मंच में परिणयसूत्र में बंधने वाले युवाओं को मंच प्राप्त होता है, समाज की युवा शक्ति की भी पहचान होती है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, हिमांशु लावत्रे, सहित समाज के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# स्कूलों के संलग्नीकरण में देरी और बीईओ के अभद्र व्यवहार पर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ प्रशासन गांव की ओर शिविर में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जन समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित प्रशासन ग्राम की ओर कार्यकम में ग्राम बोहारा के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उनकी नाराजगी में खण्ड शिक्षा अधिकारी के कथित दुर्व्यवहार ने आग में घी डालने का कार्य किया। ग्रामीण शिविर के अंत तक इस आस मे डटे रहे कि जिला का कोई बड़ा अधिकारी या जनप्रतिनिधि आएगा तो खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार की शिकायत करेंगे।

प्रशासन ग्राम की ओर कार्यक्रम ग्राम सनौद में आयोजित किया गया था। सनौद से लगा हुआ ग्राम बोहारा है। शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ मे विद्यालयो का युक्तियुक्तकरण किया गया था। इस युक्तियुक्तकरण मे प्राथमिक शाला सनौद को पूर्व माध्यमिक शाला बोहारा मे संलग्नीकरण कर दिया गया था। उक्त आदेश 27 मई 2025 को लोक शिक्षण संचनालय से जारी हुआ था, लेकिन आदेश के 7 माह के बाद भी दोनो विद्यालयो का संलग्नीकरण नही हुआ है। ग्राम बोहारा के ग्रामीणो का आरोप है कि शासन के निर्देश के बाद भी बीईओ, प्राथमिक शाला बोहारा एवं पूर्व माध्यमिक शाला सनौद के प्रधान पाठक राजनीति कर रहे है एवं संलग्नीकरण नही कर रहे है। अब भी दोनो विद्यालयो में पृथक पृथक कार्य हो रहा है, जिससे शासन की मंशा अधूरी रह गई है, वही शासन को आर्थिक क्षति भी हो रही है।




बीईओ ने ग्रामीणों के साथ बदसलूकी की



ग्राम बोहारा के ग्रामीणो का आरोप है कि वे कई बार खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं मंत्रीगण व शासन को पत्र लिख चुके है, लेकिन ऊपर से आदेश आने के बाद भी बीईओ एवं दोनो स्कूलों के प्रधानपाठक मामले को उलझाकर रखे हुए है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इसी विषय में जब वे प्रशासन ग्राम की ओर शिविर मे बीईओ ललित चन्द्राकर से मिले तो उन्होने ग्रामीणों के साथ बदसलूकी की। ग्रामीण बीईओ के इस कथित दुर्व्यवहार से इतने व्यथित दिखे कि वे कई घंटे शिविर मे ही डटे रहे एवं शिविर में किसी बड़े अधिकारी या नेता के आने का इंतजार करने लगे, लेकिन कोई नहीं आया तो वे मायूश होकर लौट गए। अब ग्रामीण उग्र आंदोलन करने के विशय में मंत्रणा करने लगे है।

### यूडाईस की प्रक्रिया चल रही है

गौरतलब है कि जहां शिविर लगा था उसके ठीक बगल मे उक्त विवादास्पद स्कूल भवन है, स्कूल भवन के अवलोकन से भी स्पष्ट हो रहा था कि शिक्षा विभाग के अधिकारी शासन प्रशासन के आदेशों की धज्जीयां उड़ा रहे है। स्कूल भवन के प्रवेश द्वार पर आज भी प्राथमिक शाला सनौद लिखा हुआ है। जबकि उसका पूर्व माध्यमिक शाला बोहारा मे संलग्नीकरण का आदेश है। आदेश के 7 माह बाद भी शिक्षा विभाग स्कूल के प्रवेश द्वार में स्कूल का नवीन नाम भी नहीं लिख सका है। मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित चन्द्राकर ने कहा यूडाईस की प्रक्रिया चल रही है, सनौद विद्यालय के विद्युत कनेक्शन को हटाने के अभी पत्र लिख रहे है। छात्रवृत्ति एक ही यूडाईस से आने लगी है। प्रार्थना एक साथ हो रही है। अब तक अलग अलग बैठ रहे थे निर्देश कर दिया हूं कि 29 दिसंबर से स्कूल खुलते ही सभी को एक साथ बैठाऐं।

## कलेक्टर पहुंचीं डौंडीलोहारा ब्लॉक के धान खरीदी केंद्र, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# खरीदी केंद्रों में अवैध धान की खरीदी न हो, अधिकारी करें निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के ग्राम कोड़ेकसा, भंवरमरा, खैरकट्टा, राणा खुज्जी एवं खेरथा के धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मिश्रा ने कहा कि कोई भी पात्र कृषक अपनी वास्तविक रकबे के अनुसार धान की बिक्री करने से वंचित न रहे। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं अन्य सभी अधिकारी–कर्मचारियों को धान खरीदी केन्द्रों में धान की अवैध खरीदी–बिक्री की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इस दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र खैरकट्टा में बिना कलर के सुतली से धान बोरों की सिलाई किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने इसके लिए समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्र खेरथा एवं राणा खुज्जी के समिति प्रबंधकों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी भी दी।





कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों का अवलोकन कर धान खरीदी केन्द्रों में अब तक खरीदे गए धान की कुल मात्र, ग्रामवार औसत पैदावार, रकबा समर्पण की स्थिति आदि का पड़ताल किया। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कोचियों, व्यापारी आदि से धान की अवैध खरीदी न की जाए। मिश्रा ने इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में रकबा समर्पण कराने वाले किसानों की कुल संख्या की जानकारी लेते हुए रकबा समर्पण के कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने धान बिक्री करने के पश्चात जिन कृषकों के पास धान शेष नही रह जाता उनका अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ▶▶| शेष पेज 13 पर

खबर संक्षेप



## जंजगिरी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनी गुरु घासीदास जयंती

**अंडा।** ग्राम जंजगिरी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी परमपूज्य संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ मनाई गई। गुरु घासीदास जयंती मनाने का मुख्य उद्देश्य उनके द्वारा दिए गए सामाजिक समानता, सत्य, अहिंसा और भाईचारे के संदेशों को याद करना तथा उन्हें अपने जीवन में अपनाना है। गुरु घासीदास बाबा का "मनखे-मनखे एक समान" का अमर संदेश आज भी समाज को छुआछूत, भेदभाव और असमानता से मुक्त कर एक समरस समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। जयंती समारोह के साथ-साथ गांव में पारंपरिक मंडई का आयोजन किया गया, वहीं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक नृत्य, गीत और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति लोमश चंद्राकर, सरपंच गीता कमलेश ठाकुर, उपसरपंच गौकरण साहू, इंद्रजीत देशमुख, पंच नरेंद्र देशमुख सहित समस्त पंचगण, सामाजिक अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष सहित अजय चतुर्वेदी, सूरज साहू, नंदलाल चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्रामवासियों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों का विशेष योगदान रहा। समस्त अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए गुरु घासीदास बाबा के विचारों को समाज में फैलाने की अपील की।

## टोकन नहीं कटने से किसान हो रहे परेशान

**दुर्ग।** धान बेचने को लेकर किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। टोकन के लिए ऑनलाइन पंजीयन के लिए उन्हें दिक्कत हो रही है। लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। इसे लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव बृजकिशोर शर्मा ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि तत्काल व्यवस्था दुरुस्त की जाए, अन्यथा किसानों को सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में किसान परेशान हो रहे हैं। यह मामला लगातार कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उठाया जा रहा है। झीट में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहुंचकर धान खरीदी के दौरान अनियमितता का भी खुलासा किया था। बावजूद इसके प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं होने की स्थिति में कांग्रेस के कार्यकर्ता किसानों के साथ मिलकर विरोध दर्ज कराएंगे। समितियों के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि धान खरीदी में प्रतिदिन लिमिट बेहद कम होने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। धान खरीदी के लिए टोकन नहीं कटने से परेशान हो रहे हैं। परेशान किसान तहसील कार्यालय, धान खरीदी केंद्र, पटवारी, लैम्प्स कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

### आयोजन : डौंडीलोहारा में कविता पाठ और माल्यार्पण के साथ मनाया गया सुशासन दिवस

# अटल जी का जीवन राष्ट्र सेवा और सुशासन का प्रकाश स्तंभ: देवलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडीलोहारा के तत्वावधान में भारत रत्न, छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित अटल परिसर में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी राष्ट्र सेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय राजनीति को नई गरिमा देने वाले महान नेता थे। उनका जीवन और विचार आज भी देश के मार्गदर्शन का प्रकाश स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी की नीतियां और सिद्धांत वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। विशेष अतिथि होरीलाल रावटे ने भी अटल जी की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन, कवि हृदय और संवेदनशील नेतृत्व की चर्चा की। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र टेकाम, जनपद अध्यक्ष जयलाल एकलव्य, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, भाजपा महामंत्री द्वय दुष्यंत गिरी गोस्वामी एवं सुमेंद्र देशमुख, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, हीरेंद्र गायकवाड़ ,लता गुप्ता, पार्षद रेवती कोलियारे, सूर्यकला ठाकुर, ममता यादव, दिलीप बाफना, धीरेंद्र टाक, माया ठाकुर, आरती संचेती, युवा मोर्चा अध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख, जीवराखन कौमार्य, सुरेश देवांगन, प्रीतम साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में भाजपा कार्यकर्ता धीरेंद्र टाक ने अटल जी के कविता संग्रह से "दो अनुभूतियां" शीर्षक कविता का भावपूर्ण काव्य पाठ किया, जिससे वातावरण भावुक एवं प्रेरणादायी हो गया।



### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर लगा जन समस्या निवारण शिविर

- 121 आवेदनों का किया गया निराकरण, 65 हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिया गया

**गुण्डरदेही।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गुरुवार को गुण्डरदेही नगर पंचायत में सुशासन दिवस पर प्रशासन गांव की ओर 2025 अभियान के तहत विशाल जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 121 आवेदनों का पंजीयन हुआ, जिसमें कई समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।

इस शिविर में 65 हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान कर धुआं मुक्त रसोई का लाभ दिया गया। शिविर में मुख्य रूप अध्यक्ष योग आयोग में रूपनारायण सिन्हा, अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद चेमन देशमुख, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, राजेंद्र राय, पूर्व विधायक विरेंद्र साहू व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, उपाध्यक्ष विजय सोनकर व पार्षदगण उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि अटल जी का जीवन ही सुशासन की प्रेरणा है।

प्रशासन का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचना है।" कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



### रसमड़ा में श्रद्धापूर्वक मनाई गई अटल जी की जयंती



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम अंजोरा मंडल के ग्राम रसमडा में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, राजनीति के अजातशत्रु एवं छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धेय अटल जी की चैलचित्र में पुष्प अर्पित किए गए एवं राष्ट्र निर्माण, लोकतंत्र, सुशासन और समरस राजनीति में उनके अतुलनी योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अटल जी का जीवन हम सभी के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित में राजनीति का प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमश्वर (राजू) यादव, महामंत्री यामिनी हरमुख, उपाध्यक्ष शिव निषाद, नंदू निर्मलकर, दिव्या साहू, मंत्री डॉ. झमनेश देशमुख, रसमडा सोसायटी के अध्यक्ष पुष्पा सिंह, छाया जिला पंचायत सदस्य बीना महतेल, पवन महतेल, रामकली साहू, पूर्व सरपंच खपरी नारायण साहू, पूर्व सरपंच रसमडा रामखिलावन यादव, दिलीप साहू, देव प्रसाद साहू, राजेश हरमुख, चमन यादव विनोद साहू, संतोष निर्मलकर, डॉ. एस के सिकदार सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डोंडी नपं में अटल परिसर का लोकार्पण शहीद स्मारक के पास बनेगा उद्यान

**डोंडी।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राज्य के कुल 115 नगरीय निकायों में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रायपुर के अटल परिसर से वर्चुअल माध्यम से किया गया।

इसी तारतम्य में नगर पंचायत डोंडी के वार्ड क्रमांक 01 गौठान के पास 19.55 लाख से नवनिर्मित अटल परिसर का भी लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से एवं शहीद गेंद सिंह स्मारक के पास छोटा उद्यान एवं विभिन्न वार्डों में बोरखनन कार्य का भूमिपूजन निकाय के जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में किया गया। उक्त लोकार्पण कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला महामंत्री सौरभ लूनिया ,जिला सह कोषाध्यक्ष मनीष झा, जिला मंत्री सोमेश सोरी मंडल अध्यक्ष डॉ रूपेश नायक, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहंतिन चौरका, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौडो उपाध्यक्ष संजीव मानकर नगर के समस्त पार्षदगण भाजपा मंडल के सभी कार्यकर्ता, हल्बा समाज सर्किल dondi के सामाजिक पदाधिकारीगण नगरवासी एवं नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## खपरी में मनाई गई पूर्व पीएम वाजपेयी की जयंती

**गुण्डरदेही।** ग्राम खपरी ब के बूथ क्रमांक 259 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच लेखराम साहू, शक्ति केन्द्र के सह संयोजक कमलनारायण साहू, अध्यक्ष प्यारेलाल, खोमन, दीनराम, नरोतम, रेखा राम, विधाता राम, दूजराम, गोपीराम, कल्याण, हेमू, अजय एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।





## अरौद में 100 कृषकों को दिया गया फसल चक्र परिवर्तन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र अरौद में एक दिवसीय 'कृषक संगोष्ठी' का सफल आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में बालोद जिले के पांचों विकासखण्डों से पहुंचे 100 प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया, जहां उन्हें उन्नत खेती और फसल चक्र प्रबंधन के गुर सिखाए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि एक ही प्रकार की फसल बार-बार लेने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है। यदि किसान फसल चक्र परिवर्तन को अपनाते हैं, तो न केवल कीटों का प्रभाव कम होगा, बल्कि उत्पादन की गुणवत्ता और किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।डॉ. खुबीराम साहू (वरिष्ठ वैज्ञानिक) कीट विज्ञान और फसल सुरक्षा के उपाय बताए। डॉ. बलदेव अग्रवाल (उद्यानिकी विशेषज्ञ) फलों और सब्जियों की उन्नत खेती पर प्रकाश डाला। डॉ. अलख गौर (मृदा वैज्ञानिक) मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्व प्रबंधन की महत्ता समझाई। डॉ. दीपशिखा चन्द्राकर (पादप वैज्ञानिक) पौधों की बीमारियों और उनके उपचार की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर एवं कृषि सभापति तेजराम साहू उपस्थित थे। विभागीय अधिकारियों में सहायक संचालक उद्यान डिकलेश कुमार एवं उद्यान अधीक्षक अनिल महिलांग ने भी किसानों का मार्गदर्शन किया और शासन की योजनाओं से अवगत कराया।

## भागवत कथा के समापन लगा नेत्र शिविर

**कुसुमकसा।** ग्राम कुसुमकसा में पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस एवं बैस परिवार द्वारा पूज्य पिता स्व. जयपाल सिंह बैस की प्रथम पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन हुआ। इस अवसर पर भक्ति, सेवा और सौगातों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के अंतिम दिन कथाकार पं. कृष्णकांत शास्त्री ने गीता उपदेश और महाभारत प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गीता भगवान के मुखारविंद से निकली अमर वाणी है। अर्जुन के मोह और भगवान कृष्ण के विराट स्वरूप की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि आत्मा अजर-अमर है और गीता को जीवन में उतारना ही सच्ची मानवता है। कथा के अंतिम दिन 4 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। बैस परिवार द्वारा जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। गणेश विनायक अस्पताल रायपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 695 लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ।

270 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। 168 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 30 दिसंबर को रायपुर ले जाया जाएगा।



**क्षेत्र को मिली अस्पताल की सौगात:** भावुक क्षणों के बीच संजय बैस ने अपने पिता को याद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को खुशखबरी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कुसुमकसा में 75 लाख की लागत से 20 बिस्तर अस्पताल की स्वीकृति दे दी गई है, जिसका निर्माण जल्द ही उसी स्थल पर होगा जहाँ कथा का आयोजन हुआ।

## विधायक संगीता ने किया सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन

**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बालोदगहन में नवीन सीसी रोड़ निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। वे समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि नवीन रोड़ के निर्माण होने से बारिश मे होने वाले कीचड़ से मुक्ति मिलेगी एवं आवागमन में ग्रामवासी को सुविधा होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गु राम सिन्हा, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रभात धुरव, सरपंच टोमन साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, जितेंद्र यादव, सरपंच ग्राम पंचायत बालोदगहन भगवान दास मुलचुरिया, उपसरपंच, समस्त पंच गण, बूथ अध्यक्ष, कांग्रेस वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## ग्राम मंगचुवा में सुशासन के प्रणेता को भाजपा मंडल रेंगाडबरी ने किया नमन

**डौंडीलोहारा।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती एवं अटल स्मृति दिवस के अवसर पर ग्राम मंगचुवा में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भाजपा मंडल रेंगाडबरी के तत्वावधान में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र, महामंत्री पूनमचंद जैन, उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह गोरे, बसंत कुमार जैन, रोहित कुमार धलेन्द्र, लखन सिंह माहला, बाबूलाल भुआर्य, आशाराम कोलयारे, कंवल साहू, खेतमल जैन, रूपराम पोंगरा, संजय साहू, जगतु राम चुरेन्द्र, गोदावरी नायक, रूपोतीन बाई नायक, कल्याणी टांडेकर, कामिन बाई सहित भाजपा मंडल के वरिष्ठ, श्रेष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन एवं व्यक्तित्व पर आधारित जीवनी का वाचन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन को समर्पित रहा है। वे न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि एक संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता और जननायक भी थे। कार्यक्रम के अंत में भाजपा मंडल रेंगाडबरी द्वारा समस्त वरिष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को अटल जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई तथा अटल जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।



### जीवन के हर क्षेत्र में शिक्षा, करियर और व्यक्तिगत विकास में सफलता दिलाएगा : अग्रवाल

# प्रेरणादायक चलचित्रों से छात्रों को दी गई सफलता की सीख, कॉलेज में हुआ विशेष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक विकास को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक चलचित्र का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से आप लोगों में लक्ष्य प्राप्ति में मदद, आत्मसुधार, साहस में वृद्धि, बेहतर प्रदर्शन, रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास होगा। जिससे जीवन के हर क्षेत्र शिक्षा, करियर और व्यक्तिगत विकास में सफलता दिलाएगा और आप लोगों को उर्जावान बनाएगा।

संक्षेप में आप लोगों को यही बताना चाहूंगी कि प्रेरणादायक चलचित्र, कहने की शक्ति का उपयोग करके मानवीय भावनाओं और संज्ञात्मक प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है, जिससे आप बेहतर बनने और तुरंत अपनी बात रखने में समर्थ होते हैं। इस कार्यक्रम का संपादन प्राध्यापक मेजराम जोशी, प्रियम वैष्णव, मनीष कुमार साहू, डॉ. लता मारकंडे ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापिका नीता कुम्हारे, प्राध्यापक रजनीशकान्त तिवारी, एश्वर्य सिंह ठाकुर, डॉ. आबिद हसन खान, चेतना सोनी, डॉ. अरुणेन्द्र कुमार तिवारी, डॉ. संतोष कुमार पाण्डेय, मनोज यादव एवं प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम से छात्र छात्राएं अधिक उत्साहित हुए, अगले शनिवार के दिन अन्य प्रेरणास्पद चलचित्र दिखाने के लिए विद्यार्थियों ने आग्रह किया। कार्यक्रम में लालिमा, रेणुका, जयरानी, प्रेरणा साहू, संगीता, तनूजा, गायत्री, काजल, भूमिका, नीता, प्रीति, लीना, मोहनी, कुणाल, वेदप्रकाश, खेमसिंह यादव, सुभाष ठाकुर, गजेन्द्र यादव इत्यादि छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।



## गायत्री शक्तिपीठ में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ





**दल्लीराजहरा।** नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में स्थापना के 45वें वर्ष पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। यह दिन शक्तिपीठ परिवार के लिए विशेष स्मरणीय रहा, क्योंकि 25 दिसंबर 1981 को इसी दिन पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का दल्ली राजहरा आगमन हुआ था और उनके करकमलों से गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना हुई थी।

स्थापना दिवस को स्मरण करते हुए शक्तिपीठ परिवार द्वारा एक कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन कर गुरुदेव के विचारों और संदेशों को आत्मसात किया गया। यज्ञ का विधिवत संचालन पंडित देव प्रसाद आर्य द्वारा किया गया। मंत्रोच्चार, आहुतियों और साधना के वातावरण से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम के दौरान गायत्री मंत्र की महिमा, आत्मशुद्धि, सद्बुद्धि और समाज में सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार पर प्रकाश डाला गया। यज्ञ के माध्यम से विश्व कल्याण, शांति और सद्भावना की कामना की गई।

इस अवसर पर हीरालाल पवार व्यवस्थापक, सोनसाय लटियारे ट्रस्टी, धर्मपाल नायक ट्रस्टी, संतोष कोरटिया ब्लॉक समन्वयक, रेणुका गंजीर ट्रस्टी, मंजू साहू, वीणा साहू टाउनशिप, दमयंती पवार, विमला गंधर्व, धीरपाल ठाकुर परिव्राजक एवं दिलेश्वरी सहित गायत्री परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने शक्तिपीठ की 45 वर्षों की आध्यात्मिक यात्रा को नमन करते हुए भविष्य में भी सेवा, साधना और संस्कारों के प्रसार का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### रासेयो के छात्रों ने दिया स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**गुरूर।** ग्राम बोहारडीह में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर का सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया है। जहां सुबह स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम के सार्वजनिक स्थलों तालाब, भवनों एवं गलियों में स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदित्य पिपरे ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। हम सभी देख रहे हैं कि किस तरह से हमारे विश्व में प्रदूषण हावी हो रहा है। हम सभी को प्रदूषण से बचने के लिए पृथ्वी को बचाने के लिए पौधा लगाना चाहिए। सरपंच राजेंद्र साहू ने कहा कि इस अवसर पर आप और हम प्रण लें कि हम अपने प्रकृति, पर्यावरण की सदैव रक्षा कर अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाएंगे। उन्होंने स्वयंसेवियों को शिविर का लाभ उठा अपने व्यक्तित्व का विकास करने और समाज के प्रति अपने योगदान को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी मुरली कुमार सिन्हा, उप प्राचार्य डामिनी साहू, प्रो. रामस्वरूप सिन्हा, अश्विनी कुमार साहू, तेजेश्वर सिन्हा, पामेश्वरी सेन, उपासना गंजीर एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

पेज 11 का शेष

### खरीदी केंद्रों में अवैध ...

ने पहले टोकन के पश्चात किसानों के रकबा के आधार पर पात्रतानुसार उनका दूसरा एवं तीसरा टोकन काटे जाने पर भौतिक सत्यापन के उपरांत ही संबंधित कृषकों के धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। श्रीमती मिश्रा ने दूसरा एवं तीसरा टोकन जारी करने की स्थिति में निगरानी दल में शामिल हल्का पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव आदि अधिकारी–कर्मचारियों को संबंधित किसानों के घरों में भेजकर उनके पास उपलब्ध धान की भौतिक सत्यापन कराने को कहा। जिससे कि केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित होने के साथ–साथ व्यापारियों एवं कोचियों के द्वारा की जाने वाली धान की अवैध खरीदी–बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र में उपस्थित किसानों से चर्चा कर धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को धान खरीदी केन्द्र में केवल साफ–सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान ही बिक्री हेतु लाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों में धान बोरों के तौल का अवलोकन किया। उन्होंने नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान की नमी की भी जांच कराया। उन्होंने समिति प्रबंधकों एवं अधिकारी–कर्मचारियों को सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, छांव, शौचालय आदि की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

**शिविर :** जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को लिया आड़े हाथ, पीएमजीएसवाय विभाग के गायब रहने पर भड़के

# सनौद में पीएमजीएसवाय विभाग नदारद, पुलिस की अवैध वसूली पर भी बरसे नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर







प्रशासन ग्राम की ओर कार्यक्रम में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने खुले मंच से अधिकारियों की कार्यशैली एवं गैर जिम्मेदारी पूर्ण कार्य पर सीधा प्रहार किया। सबसे अधिक गुस्सा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के खिलाफ था, लेकिन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को कोई कर्मचारी नजर नहीं आया और ना ही उनका स्टाल दिखा।

ग्राम सनौद में आयोजित प्रशासन ग्राम की ओर कार्यक्रम में कई विभाग के अधिकारी नदारद थे उनके लिपिक स्तर के कर्मचारी पहुंचे थे तो कई विभाग के लोग पहुंचे ही नही, जिससे शिविर की उपयोगिता पर सवालिया निशान लग रहा है। शिविर मे पहुंचे जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू ने कहा की पुलिस विभाग अपनी अवैध वसूली तत्काल बंद करें। खेतों में जाने वाले कृषकों, मजदूरों को भी रोककर पुलिस वाले हेलमेट, लाईसेंस, गाड़ी के कागजात मांगते है, क्या किसान यह सब लेकर खेत जाएगा। उन्होने कहा क्षेत्र में जगह- जगह शराब बिक्री हो रही है, उस पर अंकुश लगाए। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने कहा की बीते छः माह से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जिम्मेदारों से कहा जा रहा है जेवरतला बांध के पास सड़क किनारे कट रही मिट्टी को भरकर सड़क को मजबूत करें। मोहारा से अरमरीकला मार्ग में स्थित पुलिया की मरम्मत करें, लेकिन विभाग मात्र आश्वासन दे रहा है। दुर्गानंद साहू ने कहा की जनप्रतिनिधि हार पहनाने या अच्छा नास्ता करने से संतुष्ट नहीं होता। जनप्रतिनिधि तब संतुष्ट होता है जब आम जनता की समस्या दूर होती है, आम जनता का जीवन सुगम होता है। जनपद सभापति नरेश साहू ने कहा की बार-बार एक ही आवेदन लेकर ग्रामीण यदि शिविर में आते हैं यह प्रशासन की विफलता है, आवेदनों का निराकरण मनमाने तरीके से न करें, नियमानुसार संतुष्टि कारक निराकरण हो।

### छतों पर वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम लगाए

भाजपा मण्डल अध्यक्ष सनौद खेमलाल देवांगन ने कहा की ब्लाक भू-जल स्तर मे रेड जोन मे आ गया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम घरो मे सोख पीट बनाए, छतों में वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम लगाए। पानी की बचत करे। खेमलाल ने कहा अधिकारी सुनिश्चित करें कि शिविर मे प्राप्त आवेदनो का सही निराकरण हो। भाजपा मण्डल अध्यक्ष मिर्रीटोला टुकेश्वर पाण्डेय ने कहा अधिकारी ध्यान रखे कि शिविर मात्र शिविर बनकर औपचारिकता मे न निपटे, आम जनता की समस्या का समाधान होना चाहिए। शिविर मे पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 82 पशुओ का उपचार किया गया। 4 का कृत्रिम गर्भाधान व 160 पशुओ को दवाई का वितरण किया गया। शिविर मे आयुश विभाग द्वारा भी 122 का स्वास्थ परीक्षण किया गया व दवाई दी गई।

### निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई

जिला प्रशासन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के अवसर पर 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सनौद में आयोजित 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिकगण शामिल हुए। सनौद में आयोजित 'प्रशासन गांव की ओर' में जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी शामिल हुए। समारोह में जनपद सदस्य आशीष साहू, गुलाब सिन्हर, जनपद सभापति संध्या अजेन्द्र साहू के अलावा भाजपा मण्डल अध्यक्षगण आनंद शर्मा, खेमलाल देवांगन, तुकेश्वर प्रसाद एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। अतिथियों के द्वारा शिविर में हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में जनपद पंचायत गुरूर को 170 आवेदन, विद्युत विभाग को 32 आवेदन, श्रम विभाग, पशु विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को 03–03, तहसीलदार गुरूर को 19, कृषि विभाग को 02 एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं एवं लोक निर्माण विभाग को 01–01 आवेदन प्राप्त हुआ। कुल 244 आवेदनों में से 167 आवेदनों को मौके पर ही निराकृत किया गया।

## बाल संस्कार केंद्र में मना तुलसी पूजन दिवस



**बालोद।** तुलसी पूजन दिवस पर विश्व हिन्दू परिषद जिला बाल संस्कार केंद्र प्रमुख पूजा जैन ने बाल संस्कार केंद्र के सभी बच्चों और केंद्र में सहयोग प्रदान करने वाली दीदियों के साथ मिलकर तुलसी पूजन का आयोजन किया। जहां सभी ने मिलकर मां तुलसी आराधना की। तुलसी महिमा का गुणगान भजन संकीर्तन किया और वेद माता गायत्री मां का जाप किया। इस अवसर पर पूजा जैन ने सभी बच्चों को तुलसी के पौधा का धार्मिक औषधियां और वैज्ञानिक महत्व समझाया।

उन्होंने बताया कि तुलसी का पौधा घर में सकारात्मक ऊर्जा लाता है, नकारात्मकता दूर करता है, आयुर्वेद में तुलसी को जड़ी बुटियों की रानी कहा जाता है, इसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने को शक्ति होती है, एंटी ऑक्सीडेंट गुण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, हिन्दू धर्म में तुलसी को अत्यंत पवित्र माना जाता है, माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता और भगवान विष्णुजी को तुलसी अति प्रिय है। इस अवसर पर बच्चों को आरती की पुस्तक, कॉपी, पेन, कलर पेंसिल और बिस्कुट, चॉकलेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पूजा जैन, सरोज श्रीवास, कलिन यादव, चमेली दीदी, रुखमणि नाग, चंचल चांडक दीदी अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम बालोद नगर के मरार पारा स्थित मोखाला मांझी मंदिर में हुआ विगत तीन वर्षो से बाल संस्कार केंद्र मंदिर प्रांगण में लग रहा है जहां बच्चों को सनातन धर्म से अवगत कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## किसान दिवस पर बुजुर्ग घनाराम शाल और श्रीफल से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम कन्हारपुरी में किसान दिवस मनाया गया। इसमें ग्राम के बुजुर्ग किसान घनाराम यादव का सम्मान शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान घनाराम यादव थे। विशिष्ट अतिथि कृषि विकास अधिकारी पूर्णिमा भार्गव, कृषि विकास अधिकारी संतोषी चंद्रहास, बसंत भुआर्य, मुकेश सोनवानी एवं भूपेंद्र साहू थे।

कार्यक्रम में कृषि विकास अधिकारी पूर्णिमा भार्गव ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था, संस्कृति और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ हैं। राष्ट्रीय किसान दिवस पर अन्नदाता के परिश्रम, समर्पण और योगदान को प्रणाम करना चाहिए। हमारा प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है जहां जीवन कृषि कार्य कर आत्मनिर्भर है। उल्लेख है कि ग्राम कन्हापुरी में किसान दिवस सम्मान समारोह में आयोजक छगन देवांगन एवं भेदराम सिन्हा के प्रयासों से प्रतिवर्ष बुजुर्ग किसान का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। भेदराम सिन्हा एवं छगन देवांगन ने बताया कि यह पांचवा वर्ष है, जहां ग्राम के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग किसान का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, ताकि किसानों का आत्म बल बने रहे जो कि कड़ी धूप एवं बरसात को सहन कर फसल उत्पादन करते हैं, सम्मानित प्राप्त कर घनाराम यादव ने कहा कि आज के समय में इस प्रकार के कार्यक्रम होना हमें गौरांवित करती है, क्योंकि नांगर एवं बैल के सहारे खेती कार्य करके आज हम इस जगह हैं। हालांकि आधुनिक युग में मशीनरी के सहारे खेती कार्य कर रहे हैं फिर भी हमारे किसान भाई आज भी नांगर एवं बैल के सहारे खेती कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष मदनलाल हिरवानी, भागाबाई साहू, रामदयाल साहू, राम सहाय साहू, अश्वनी साहू, मूलचंद देवांगन ,अशोक कुमार गैंदुराम गोवर्धन, भगवानी, महेश, दलसिंग, गुलाबचंद, छगन देवांगन, भेदराम सिंन्हा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने सीखे साइबर सुरक्षा और डिजिटल भुगतान के गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

डिजिटल युग में छात्र-छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय गुरुर में वाणिज्य विभाग द्वारा डिजिटल साक्षरता अभियान का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता मास्टर ट्रेनर सैयद जुल्फी थे। इस अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर, इंटरनेट, ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल भुगतान, पेन कार्ड तथा साइबर सुरक्षा की बुनियादी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल विभाजन को कम करना एवं छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना है। डिजिटल साक्षरता से शिक्षा, रोजगार और सरकारी सेवाओं तक सरल पहुंच संभव हो पाएगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल रावटे, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जीएस देवांगन, प्रो. प्रेमचंद साहू एवं सभी प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

## विवेक के बिना रूप, धन और बल बन जाते हैं विनाशकारी : देव जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





विवेक साथ ना हो तो वे मानव को बिगाड़ देते है। मानव के पास स्थित चार गुण रूप, सौदर्य, धन, जवानी एवं बल मानव को बिगाड़ देता है। इन चारो को यदि विवेक के साथ उपयोग किया गया तो यह कल्याणकारी हो जाता है। मानव को हर परिस्थिति में विवेक को साथ में रखकर ही कार्य करना चाहिए।

उक्त बाते ग्राम चुल्हापथरा मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण विवाह प्रसंग के दौरान भागवताचार्य श्री देव जी महराज ने कही। श्री देवजी महराज ने कहा भगवान श्री कृष्ण ने 16108 कन्याओ से विवाह किया। कथा प्रसंग के दौरान उन्होने कहा यह विवाह उन्होने कन्याओ के उद्वार उनके जीवन रक्षा के लिए किया। उन्होने कहा भगवान की 16108 रानियां धर्म, प्रकृति की प्रतीक है। आठ पटिरानियां अष्टधा प्रकृति है। 16000 रानियां उपासना कांड के 16000 मंत्रें का प्रनिधित्व करती है, 100 रानियां 100 प्रकार के उपनिशदो का रूप है।

देव जी महराज ने कहा कोई भी कार्य करते समय धर्म को आगे रखकर कार्य करें। इससे मानव कभी गलत रास्ते पर नही जाएगा। देव जी महराज ने कहा जो प्रकृति के वश मे होकर कार्य करता है वह जीव है और जो प्रकृति को वश मे रखकर कार्य करता है वह भगवान होता हैं। देव जी महराज ने कहा श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से जीवन बदल जाता है। कलयुग मे कथा श्रवण, कीर्तन, धर्म कार्यो का मनन एवं अनुष्ठान मुक्ति का मार्ग खोलता है। ग्राम चुल्हापथरा में चल रही भागवत कथा श्रवण करने ग्राम सहित अन्य ग्रामो के श्रद्वालु भी पहुंच रहे है। गुरूवार की कथा के दौरान गुरूर नगर के प्रख्यात भागवताचार्य पंडित भोला शंकर पाण्डेय भी भागवत मंच पर पहुंचे।

## कमरौद में गुरु घासीदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम कमरौद में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। सतनामी समाज के के साथ अन्य ने जैतखाम के समक्ष पूजा अर्चना कर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। सतनामी समाज के लोगों द्वारा ग्रामीण के चौक तिराहे गली मोहल्ले रैली एवं शोभा यात्रा निकाली गई व बाबाजी के छायाचित्र पर विशेष पूजा अर्चना कर सह परिवार जैतखाम में नए सफेद ध्वजा का पालो चढ़ाया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू थे। अध्यक्षता जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले ने किया। विशेष अतिथि विजय बघेल, कपिल देशलहरे, पवन जोशी, यूआर बारहेन, विनय बंजारे, संजय जोशी, जीवन बांधे, सरपंच सुन्दर देवदास, उपसरपंच ललेश्वर साहू, खिलानंद पटेल, खेमन्त साहू, परमेन्द्र साहू, पुनाराम देशलहरे, बिसम्भर राम चतुर्वेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू ने सतनामी समाज को सार्वजनिक मांगलिक कार्य हेतु सतनाम मंगल भवन बनाने के लिये 20 लाख देने की घोषणा किये।

समाज के संरक्षक पुनीत राम देशलहरे, भूषण लाल, कोमल सिंह चतुर्वेदी, भागवत प्रसाद चतुर्वेदी, धर्मेंद्र कुमार, चंद्रशेखर देशलहरे, सुदामा गेंदें, जीवन बघेल संतोष, लोकनाथ, नारायण चतुर्वेदी, रवि शंकर देशलहरे, ईश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, टी शेखर, गोविन्द, मानसिंह, गणेश देशलहरे, कीर्तन लाल, रोशन, नीलध्वज, संत राम, केश कुमार रुमलाल, भगवान दास, टिकेश, हितेश, सुकाल खुटेल, रेशमा चतुर्वेदी, केशरी चतुर्वेदी, जान्हवी, सोनल, प्रेमा, कविता, पायल, ईश्वरी चतुर्वेदी, मीनाक्षी काजल, सृजल, सानू, योगेश कुमार, कुलेश्वर रात्रे, भावेश कुमार, समीर, देवशीष चतुर्वेदी, गुरुघासी दास सेवा समिति सदस्यगण, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी कमरौद का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संजय जोशी एवं आभार प्रदर्शन राजेश चतुर्वेदी प्रदेशाध्यक्ष प्रगतिशील सतनामी समाज ने किये।

## नये सत्र के लिए जिले में 300 आजीविका डबरी निर्माण का लक्ष्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला में 'वीबी–जी राम जी' के तहत वर्ष 2025–26 के लिए जिले में 300 आजीविका डबरी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह योजना विभिन्न विभागों के समन्वय (अभिसरण) से संचालित की जा रही है। जिसमें ग्रामीण परिवारों को बहुआयामी लाभ प्राप्त होंगे।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों की आय बढ़ाने और स्थायी आजीविका के साधनों को सुदृढ़ करने की दिशा में जिले में उक्त पहल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि आजीविका डबरी के निर्माण से वर्षा जल संचयन, भू–जल रिचार्ज तथा खेतों में आवश्यक सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित होगी, इससे खरीब एवं रबी दोनो फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी। साथ ही पशुपालन एवं मत्स्यपालन के माध्यम से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर भी प्राप्त होंगे। जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर पात्र हितग्राहियों का चयन कर कार्य प्रारंभ कराया जा रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि आजीविका डबरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का प्रभावी मॉडल है। जिले में 300 आजीविका डबरी के निर्माण से बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और साथ ही जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से 'वीबी जी राम जी' योजना के अंतर्गत हितग्राही मूलक आजीविका डबरी निर्माण के लिये आगे आने और योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

- अब मनरेगा की जगह वीबी–जी राम जी के तहत ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

## दिल्लीवार कूर्मी समाज ने किया जिला प्रीतपाल बेलचंदन का सम्मान



**अंडा।** दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग के पदाधिकारियों ने केंद्रीय जिला सहकारी बैंक दुर्ग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री प्रीतपाल बेलचंदन जी से सौजन्य भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने उन्हें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। पदाधिकारियों ने कहा कि श्री प्रीतपाल बेलचंदन जी के नेतृत्व में केंद्रीय जिला सहकारी बैंक दुर्ग और अधिक सशक्त होगा तथा किसानों, आम नागरिकों और सहकारिता से जुड़े लोगों को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा। समाज को पूर्ण विश्वास है कि वे अपने अनुभव और कार्यकुशलता से बैंक को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस सम्मान समारोह में दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग के नगर अध्यक्ष राकेश हरमुख, उपाध्यक्ष श्री अतुल देशमुख, सचिव राकेश देशमुख, युवा सचिव गोकुल देशमुख, महिला अध्यक्ष केवरा देशमुख, महिला उपाध्यक्ष सुनीता देशमुख एवं महिला सचिव रुखमणि देशमुख सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सभी ने श्री बेलचंदन के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### ग्राम भालूकोन्हा में हल्बा त्यौहार शक्ति दिवस कल

**डोंडीलोहारा।** नगर के समीपस्थ ग्राम भालूकोन्हा में 26 दिसम्बर शुक्रवार को हल्बा त्यौहार शक्ति दिवस के पावन अवसर पर मानसगान एवं पंडवानी का कार्यक्रम रखा गया, मानस गान का कार्यक्रम सुबह 11:00 से प्रारंभ होगा जिसमें गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बागबाहरा महासमुंद, जय गंगा मानस परिवार टेकापार बालोद, जय परमेश्वरी मानस परिवार कोटेरा, श्री कृष्ण किंकर महाभारत मण्डली पहन्दा दुर्ग अपनी प्रस्तुति देंगे, तत्पश्चात रात की 8:00 बजे से राष्ट्रीय पंडवानी गायक चेतन देवांगन की प्रस्तुति होनी है जिसमें सभी को सादर आमंत्रित किया गया है, उक्त जानकारी ग्राम के समाज प्रमुख जनक ठाकुर ने दी।

### नागरिक सहकारी बैंक का चुनाव 11 जनवरी को

**दुर्ग।** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए प्रथमतः प्रत्यायुक्त सदस्यों के निर्वाचन कराए जाने रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष द्वारा विगत 22 दिसंबर को निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार 3 जनवरी को अभ्यार्थियों से नामांकन पत्र लिए जाएंगे। 4 जनवरी को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 5 जनवरी को नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन किया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी के अनुसार रविवार 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक गुर्जर क्षेत्रीय गुजराती समाज भवन मोतीपारा दुर्ग में चुनाव संपन्न होगा।

### गांजा के साथ पकड़ाई महिला पर 12 हजार का दंड

**दुर्ग।** नंदनी थाना अंतर्गत रेलवे कॉलोनी अहिवारा में 1.107 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ी गई महिला मैरी पति पीए जार्ज को न्यालय ने 7 दिन के कारावास और 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। प्रकरण के मुताबिक घटना 27 जुलाई को शाम करीब 4 बजे की है। पुलिस ने महिला के घर में छापा मारकर गांजा जब्त किया था। मामले में प्रकरण तैयार कर विचारण के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।

### रकम इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर 37.51 लाख की ठगी

**भिलाई।** रकम इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने 6 कंपनियों के संचालको के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि प्लाट 06 सड़क 3 जी प्रगति नगर रिसाली निवासी निरंजन प्रसाद दास ने शिकायत किया है कि 24 फरवरी 2024 से 25 अगस्त 2025 के मध्य विभिन्न कंपनीयो में इन्वेस्टमेंट करने का झांसा देकर प्रलोभन देकर 37 लाख 51 हजार रूपये का ऑनलाईन ठगी किया गया। निरंजन दास के फेसबुक में एक विज्ञापन आया। जिसमे पैसा जमा करने पर बैंक से ज्यादा लाभांश मिलने का झांसा दिया। जिसे देख पीड़ित ने सेवानिवृत्त के बाद मिले पैसो को इन्वेस्ट करना चाहता था। विज्ञापन में दिए अलग अलग कंपनियो के मोबाइल नंबरो में सीटी धन पुने महाराष्ट्र 2 लाख रूपये, शासतीक ग्लोबल एलएलपी चेन्नई 2 लाख, विश्वास वर्ल्ड टेक बैंगलोर में 3 लाख, मारवलस मुनिस इंदौर 7 लाख 51 हजार,वेदिका पाटर्नस इंदौर मे 10 लाख रूपये, नेक्सट इन टेक्नोलाजी इंदौर में 13 लाख रूपये अलग अलग खातों में व यूपीआई के माध्यम से पत्नी उत्तमा दास के बैंक के क्रेडिट कार्ड के खातों से ट्रांसफर किया गया। इसके अलावा पीड़ित पंजाब नेशनल बैंक के क्रेडिट कार्ड, सेविंग खाता, ए. यू स्मॉल फायनेंस बैंक, आईडीएफसी केडिट कार्ड से रकम का ट्रांसफर किया।

## निधन

### कुंती बाई यादव

**लाटाबोड़।** ग्राम पड़कीभाट निवासी कुंती बाई यादव का निधन बुधवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे चैनसिंह यादव के पति विजय चंदू यादव की माता थी।

### लोकार्पण : मुख्यमंत्री साय ने दल्लीराजहरा सहित जिले के अटल परिसरों का किया वर्चुअल लोकार्पण

# सुशासन और पारदर्शिता के प्रतीक थे अटल जी








हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/दल्लीराजहरा

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशभर सहित बालोद जिले के 6 नगरीय निकायों में अटल परिसर का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश को विकास, पारदर्शिता और सुशासन की सशक्त दिशा मिली। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की उनकी सोच आज भी शासन की नीतियों का मूल आधार बनी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक सुधार, पारदर्शी व्यवस्था, समयबद्ध सेवाएँ और जनविश्वास की पुनर्स्थापना के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दल्लीराजहरा नगर पालिका में नवनिर्मित अटल परिसर का भी वर्चुअल लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका दल्लीराजहरा में जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नगरवासियों की उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा नगर के वरिष्ठजनों का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण से लेकर प्रदेश के विकास की मजबूत नींव रखने में अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उनके दूरदर्शी निर्णयों ने छत्तीसगढ़ को पहचान और नई दिशा दी। नगर के विकास में अटल जी द्वारा दी गई सौगातों और योजनाओं को भी याद किया गया तथा उनके विचारों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया गया।

#### अटल जी ने छत्तीसगढ़ को पहचान और नई दिशा दी

अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ। वे प्रख्यात कवि, ओजस्वी वक्ता और कुशल राजनेता रहे। तीन बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश का नेतृत्व किया। राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना, पोखरण परमाणु परीक्षण, दूरसंचार और आधारभूत संरचना के विस्तार जैसे ऐतिहासिक निर्णय उनके कार्यकाल की पहचान बने। विदेश नीति में संवाद और संतुलन उनकी विशेषता रही। छत्तीसगढ़ राज्य का गठन उनके दूरदर्शी नेतृत्व का महत्वपूर्ण उदाहरण है। 16 अगस्त 2018 को उनका निधन हुआ, लेकिन राष्ट्रनिर्माण के प्रति उनके विचार और योगदान



आज भी देश को प्रेरणा देते हैं। अटल परिसरों के लोकार्पण के साथ दल्लीराजहरा सहित पूरा बालोद जिला अटल विचारधारा और सुशासन के संकल्प से जुड़ता नजर आया।, नगर पालिका दल्लीराजहरा में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा नगर के वरिष्ठजनों का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अलावा छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहाकर छत्तीसगढ़ के नवनिर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। इसी प्रकार नगर पालिका अध्यक्ष श्री तोरण साहू ने छत्तीसगढ़ के विकास हेतु पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री वाजपेयी के द्वारा की गई सौगातों के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। समारोह को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री पवन साहू ने भी संबोधित कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के देश के नवनिर्माण में उनके योगदानों पर प्रकाश डाला।

### वाजपेयीजी की जयंती पर की गई साफ-सफाई



**गुरूर।** भाजपा शक्ति केन्द्र कंवर के 3 बूथों द्वारा संयुक्त रूप से 25 दिसम्बर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अटलजी के छायाप्रति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संयोजक घनाराम जेठमल, जागेशवर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष छगन लाल साहू, बूथ अध्यक्ष उदे राम साहू, छगन लाल साहू, सरपंच बालचंद टंडन, उपसरपंच नवीन आनंद पटेल, ईश्वर लाल साहू, त्रिलोकी गजपाल, पुनारद साहू, मोहन साहू, कामता साहू, पुरण लाल साहू, खेमा लाल साहू, संजय यादव, गणेश तारक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शक्ति केंद्र मोखा में मनाई गई अटल जी की जयंती, कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**गुरूर।** भाजपा शक्ति केंद्र मोखा में भारत रत्न से सम्मानित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जयंती मनाया गया। जिसमें शक्ति केंद्र मोखा के सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा अटल के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजा पाठ किया गया। जिसमें संयोजक श्याम लाल गजेंद्र, सह प्रभारी रामस्वरूप सिन्हा, बीएलओ राजेंद्र गंजीर, ग्रामीण विकास समिति सचिव काशी राम कलिहारी, सरपंच अश्वनी साहू, उप सरपंच पंचराम निषाद, डॉक्टर गोवर्धन यादव, युगल किशोर साहू व ग्राम पंचायत के सभी पंचगण, सभी ग्राम के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### गुरूर में अटल परिसर का भव्य लोकार्पण




**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर में नव निर्मित अटल परिसर का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअली लोकर्पण किया। इस दौरान नगर मे लघु वनोपज संघ रायपुर उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जनसेवक राकेश यादव, कृष्णकांत पवार ने लोकर्पण की औपचारिकता पूरी की। लोकर्पण समारोह मे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, यादराम साहू, समाज सेवी जयंत किरी, कौशल साहू, पार्शद गिरधर ठाकुर, अनुसुईया धुरव, चन्द्रलता साहू, कमलेश ओझा, टिके"वरी निशाद, अनाराम यादव सहित चन्द्रप्रकाश गांधी, कृष्ण कुमार ठाकुर, ऋशि सिन्हा, चिंता राम साहू अतिथि के रूप में मंचासीन थे। लोकार्पण के पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त लघु वनोपज उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जनसेवक राकेश यादव ने व अन्य वक्ताओ ने अटल बिहारी वाजपेयी के कृतित्व व व्यक्तत्वि पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि अटल बिहारी ने ही छत्तीसगढ़ की महत्ता को समझकर उसे पृथक राज्य बनाया। भाजपा ने पृथक राज्य बनाया एवं भाजपा ही प्रदेश को संवारने, सजाने एवं विकसित प्रदेश बनाने के लिए कार्य कर रही है।



### पोंडी में अटल जी की जयंती मनाई गई



**लाटाबोड़।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को ग्राम पंचायत पोंडी में 'सुशासन दिवस' के रूप में गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनके द्वारा दिखाए गए राष्ट्रसेवा और एकता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने अटल जी के गौरवशाली राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अटल जी ने भारत को एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने और आधारभूत संरचना के विकास में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके द्वारा लिए गए साहसिक निर्णयों के कारण ही आज भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर देश के रूप में खड़ा है। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया और ग्राम पंचायत पोंडी की सरपंच दिनेश्वरी चुरामन साहू की मुख्य अगुवाई में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न पदाधिकारी, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने अटल जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन की शपथ ली।

### ग्राम सिरसिदा में श्रद्धापूर्वक मनाई गई अटल की जयंती



**अंडा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को याद किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच सरस्वती चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जयंती समारोह में इंद्रजीत चंद्राकर, चंद्र प्रकाश, जय सिंह, ठाकुर, फूल सिंह, ईश्वर, मोती साहू, कुल्लू देवांगन, जीवन, अंबालिका, भाषण माता, बिंदा, रंजीता सहित गाँव की माताएँ एवं महिला समूहों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन, उनके राजनीतिक योगदान, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सुशासन की नीति पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी का जीवन देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों पर चलकर ही एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और समाज सेवा के संकल्प के साथ किया गया। ग्राम पंचायत सिरसिदा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक रहा।

## चिखलाकसा में सुशासन दिवस पर अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा




नगर पंचायत चिखलाकसा में 25 दिसंबर 2025 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 03 पुष्प वाटिका में निर्मित अटल परिसर में स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई।

राज्य शासन एवं नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के 115 नगरीय निकायों में अटल परिसर में स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रायपुर के फुंडहर मैदान से वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ।

सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में प्रशासन गांव की ओर 2025 अभियान के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुधन विभाग, विद्युत विभाग, आयुष विभाग सहित नगरीय प्रशासन विभाग के स्टॉल लगाए गए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत के कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ यशवंत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, नगर पंचायत चिखलाकसा अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो, सफाई मित्र, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल मंच संचालन जी.आर. सोरी द्वारा किया गया।

### दुनिया में कोई भी काम असंभव नहीं : जनसंपर्क अधिकारी

## प्राथमिक शाला पिरीद और भेंगारी का निरीक्षण करने पहुंचे जपं अधिकारी चंद्रेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता मॉनिटरिंग के तहत बालोद विकासखण्ड के प्राथमिक शाला पिरीद एवं भेंगारी का निरीक्षण कर इन शालाओं में जरूरी सुविधाओं की उलपब्धता एवं शिक्षा गुणवत्ता की स्थिति का मूल्यांकन किया।

इस दौरान ठाकुर ने विद्यालय के सभी कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से बातचीत कर शाला में अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं जरूरी सुविधाओं की उलपब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर पढ़ाई–लिखाई के अलावा उनके दैनिक दिनचर्या एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली। ठाकुर ने विद्यार्थियों को समझाइश देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई–लिखाई बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी काम असंभव नहीं है, कठिन परिश्रम, लगन, धैर्य एवं त्याग से सभी उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे मनोयोग से विद्या अध्ययन कर जीवन में खूब प्रगति करते हुए अपने माता–पिता, परिवार, स्कूल एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं का नाम रोशन करने को कहा। ठाकुर ने विद्यार्थियों को निरंतर ज्ञानार्जन करने के साथ–साथ सदाचारी एवं व्यवहार कुशल बनने तथा नशापान आदि बुराईयों से जीवन भर दूर रहने की सीख दी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत निर्धारित बिंदुओं के अनुसार शाला के भौतिक वातावरण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का समुचित क्रियान्वयन, स्कूल में बच्चों की सीखने की स्तर की स्थिति आदि विभिन्न बिंदुओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिका भी उपस्थित थे।



### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन

**दुर्ग।** जिले में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़कर 15 जनवरी हो गई है। पात्र विद्यार्थी **postmatric-scholarship.cg.nic.in** पोर्टल के माध्यम से नवीन अथवा नवीनीकरण आवेदन कर सकते हैं। संस्था द्वारा प्रस्ताव लॉक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के मुताबिक अंतिम तिथि 5 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। वहीं जिला कार्यालय स्तर पर सेक्शन लॉक, भुगतान प्रस्ताव भेजने की अंतिम तिथियां फरवरी तक निर्धारित हैं।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक